# विदर्भ ने शेष भारत को हरा तीसरी बार जीती ईरानी ट्रॉफी

- हर्ष दुबे की फिरकी में फंसी शेष भारत की टीम
- विदर्भ ने शेष भारत को 93 रनों से हराया
- हर्ष दुबे ने दूसरी पारी में चार विकेट झटके
- यश ढुल ने 92 रन बनाकर किया संघर्ष, पर नाकाफी रहा
- आदित्य और यश ठाकुर को मिले दो-दो विकेट

## विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 के बाद तीसरी बार जीता खिताब

**नागपुर 5 अक्टूबर. विदर्भ ने रविवार को शेष भारत (रेस्ट ऑफ इंडिया) को 93 रनों से हराकर तीसरी बार ईरानी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। स्पिनर हर्ष दुबे (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ ने 361 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की टीम को दूसरी पारी में 267 रनों पर समेट दिया।**



शेष भारत ने दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलना शुरू किया, लेकिन सुबह के सत्र में कप्तान रजत पाटीदार (10) और ऋतुराज गायकवाड़ (7) के विकेट जल्दी गिर गए। आदित्य ठाकरे ने पाटीदार को आउट किया, जबकि दर्शन नालकंडे ने गायकवाड़ को पवेलियन भेजा। हालांकि, यश ढुल ने इशान किशन (35) के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। किशन को 26वें ओवर में दुबे ने आउट कर मैच का रुख बदल दिया। इसके बाद, सारांश जैन (29) के साथ ढुल ने छठे विकेट के लिए 53 रनों की साझेदारी की। यश ढुल ने अकेले संघर्ष करते हुए 117 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाकर सर्वाधिक 92 रन बनाए, लेकिन वे टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। विदर्भ के लिए, हर्ष दुबे ने दूसरी पारी में चार विकेट झटके। आदित्य ठाकरे और यश ठाकुर को दो-दो विकेट मिले, जबकि पार्थ रेखड़े और दर्शन नलकंडे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# अनिसिमोवा ने चीन ओपन 2025 का खिताब जीता

**बीजिंग 5 अक्टूबर.** विश्व की नंबर चार खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने रविवार को चीन ओपन 2025 के फाइनल में चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीत लिया।



▸ **फाइनल में नोस्कोवा को हराया**

अनिसिमोवा ने सटीक एंगल्स का उपयोग करते हुए, 20 वर्षीय नोस्कोवा को पहले सेट में केवल 23 मिनट में 6-0 से पछाड़ दिया। हालांकि, चेक खिलाड़ी ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए 6-2 से जीत दर्ज की। निर्णायक तीसरे सेट में, यूएस ओपन और विंबलडन की उपविजेता अनिसिमोवा अपनी बेहतरीन गति से हावी रहीं।

# बेटियों ने पाक को चटाई धूल

## भारतीय महिला टीम ने विश्व कप में 88 रन से हराया, अजेय रखा जीत का सिलसिला

**कोलंबो 5 अक्टूबर.** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के मैच नंबर-6 में रविवार को भारत का सामना चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हुआ. कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में हुए इस मुकाबले में भारत ने 88 रनों से शानदार जीत हासिल की.

मुकाबले में पाकिस्तान को जीत के लिए 248 रनों का टारगेट मिला था, जिसका वो पीछा नहीं कर पाई. पाकिस्तानी टीम 43 ओवरों में 159 रनों पर सिमट गई. भारत की ओर से तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने तीन विकेट झटके और वो प्लेयर ऑफ द मैच चुनी गईं. दीप्ति शर्मा ने भी तीन और स्नेह राणा ने दो विकेट हासिल किए. पाकिस्तान पर भारतीय टीम ने वूमेन्स वनडे में लगातार 12वीं जीत हासिल की है. उसने अब तक एक भी वनडे मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ गंवाया नहीं है. मौजूदा विश्व कप में भारत की ये लगातार दूसरी जीत रही. दूसरी ओर पाकिस्तानी टीम की ये लगाातार दूसरी हार रही. भारतीय टीम अब अपने अगले मुकाबले में 9 अक्टूबर को साउथ अफ्रीका का सामना करेगी. टारगेट का पीछा करते हुए पाकिस्तानी टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 6 रनों के स्कोर पर मुनीबा अली का विकेट गंवा दिया मुनीबा 2 रनों के निजी स्कोर पर रन आउट हुईं. फिर उसने सदफ शमास (6 रन) और आलिया रियाज (2 रन) का विकेट भी सस्ते में खो दिया. 26 रनों पर तीन विकेट गिरने के बाद सिदरा अमीन और नतालिया परवेज ने चौथे विकेट के लिए 69 रन जोड़े. क्रांति गौड़ ने नतालिया को आउट करके इस पार्टनरशिप को तोड़ा. कप्तान फातिमा सना (2 रन) कुछ खास नहीं कर पाईं और उन्हें दीप्ति शर्मा ने अपनी फिरकी में फंसाया.

**क्रांति गौड़ 3 विकेट झटक कर प्लेयर ऑफ द मैच बनीं**

**महिला एक दिवसीय में पाक के खिलाफ लगातार 12वीं जीत**




### अब विश्व कप के मैच में भी चीटिंग से नहीं मानीं पाकिस्तानी महिला टीम की कप्तान

भारत-पाकिस्तान मैच में विवाद होना अब जैसे आम बात हो गई है. एशिया कप 2025 को समाप्त हुए एक सप्ताह बीत गया है, लेकिन ट्रॉफी विवाद अब तक सुलझा नहीं है. अब विवाद का कारण महिला वर्ल्ड कप 2025 में खेला जा रहा भारत-पाक मैच बना है. पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने मैच रेफरी शांद्रे फिट्ज और टॉस प्रेजेंटर मेल जोन्स की गलती का फायदा उठाकर टॉस जीता. मुकाबला शुरू होने से पहले भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला, वहीं फातिमा सना ने टेल्स की मांग की. फातिमा ने टेल्स कहा था, लेकिन मैच रेफरी और प्रेजेंटर ने हेड्स सुना था. इसलिए पाकिस्तान को टॉस विजेता बताया गया. सिक्का हेड्स की तरफ गिरा था, लेकिन पाकिस्तानी कप्तान ने टेल्स मांगा था. हैरत वाली बात तो ये रही कि पाकिस्तानी कप्तान फातिमा सना ने इस पर कुछ नहीं कहा और चुप्पी साधकर मौके को भुनाते हुए पहले गेंदबाजी चुन ली. बाद में इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा. क्रिकेट फैंस इस घटना से जरा भी खुश नहीं दिखे. मैच रेफरी और प्रेजेंटर को जमकर ट्रोल किया गया.

# 17 साल बाद विश्व जूनियर स्पर्धा में भारत

## मजबूत टीम के साथ पदक की उम्मीदें बढ़ीं

**गुवाहाटी 5 अक्टूबर. उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसे अनुभवी खिलाड़ियों, एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 सहित एक मजबूत लाइन-अप से उत्साहित, मेजबान भारत सोमवार से यहां राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, उसके बाद व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी।**

▸ **ग्रुप एच में भारत के साथ नेपाल, श्रीलंका, यूएई**

भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। ग्रुप एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है।



### व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पदक की उम्मीद

व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा (जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं), वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री शामिल हैं।

# श्रेयांशी वालीशेट्टी ने अल ऐन मास्टर्स जीता

**अल ऐन (यूएई), 5 अक्टूबर.** भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने रविवार को यहां तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली।

▸ **हमवतन तस्नीम मीर को हरा पहला बीडब्ल्यूएफ खिताब**

# आर्थिक तंगी कर रही हमें प्रभावित

## वेस्टइंडीज टीम के कप्तान ने बयां किया टीम का दर्द

**नई दिल्ली 5 अक्टूबर. भारत के खिलाफ पहला टेस्ट हारने के बाद वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज़ ने अपने बयान से दुनिया को हैरान कर दिया है. चेज़ ने कहा कि खिलाड़ी रोजी-रोटी और नाम कमाना चाहते हैं, लेकिन कैरेबियाई क्रिकेट की आर्थिक तंगी उनकी प्रगति को प्रभावित कर रही है.**

एक समय इंटरनेशनल क्रिकेट पर राज करने वाली वेस्टइंडीज की टीम आज छोटी-छोटी टीमों से भी हार जाती है. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को सिर्फ 27 रनों पर ऑलआउट कर दिया था. इसके बाद क्रिकेट वेस्टइंडीज ने एक आपात बैठक बुलाई थी, जिसमें क्लाइव लॉयड और ब्रायन लारा जैसे दिग्गजों के साथ अन्य प्रमुख हितधारकों ने हिस्सा लिया था.



रोस्टन चेज़ ने कहा, मैं इस पर ज्यादा बात नहीं करना चाहता हूं, लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि हां, कैरेबियाई टीम में आर्थिक तंगी जरूर है. हमें जो भी मदद मिल सकती है (अगर वे मदद लेने की योजना बना रहे हैं) मुझे उम्मीद है कि हमें मदद मिलेगी ताकि हम क्रिकेट के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत कर सकें. कैरेबियाई टीम में ट्रेनिंग सुविधाओं की व्यवस्था थोड़ी कमजोर है.

### एक नजर में

## सेमीफाइनल में अमित पंघाल, एस विश्वनाथ और हुसामुद्दीन

**चेन्नई.** एशियाड स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघाल (सर्विसेज) ने पुरुष क्वार्टर फाइनल में उस्मान अंसारी (सर्विसेज) को 4-1 से हराकर बढ़त बनाई। उनके साथ उनके साथी एस विश्वनाथ (सर्विसेज) भी थे, जिन्होंने सी. लुकास (तमिलनाडु) को 5-0 से हराया, और विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (सर्विसेज) ने एम. हेंथोई सिंह (सर्विसेज) को 5-0 से हराकर बीएफआई कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। महिला वर्ग में, विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (रेलवे) ने माही सिवाच (हरियाणा) को 5-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो (असम) ने भी श्रेयमा ठाकुर (हिमाचल प्रदेश) को 5-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पूर्व युवा विश्व चैंपियन अरुंधति चौधरी (सर्विसेज) ने दीपिका (साई) के खिलाफ 5-0 की जीत में समान रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रिया (हरियाणा) ने ज्योति (दिल्ली) को 5-0 से हराया, जबकि विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुड्डा (साई) ने माही लामा (मध्य प्रदेश) को 5-0 के अंतर से हराकर फाइनलिस्टों की एक शानदार सूची तैयार की।

# भारत को मिली अमेरिका से करारी हार



**नई दिल्ली 5 अक्टूबर. अमेरिका के आर्लिंगटन में आयोजित लाइव एरिना स्पेक्टेकल 'चेकआउट इवेंट' में भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा है। विश्व चैंपियन डी गुकेश को हिकारू नाकामुरा ने चौंका दिया, जिसकी बदौलत अमेरिका ने भारत को पहले लेग में 5-0 से करारी शिकस्त (व्हाइटवॉश) दी।**

मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने कई जीतने के मौके बनाए, लेकिन अमेरिका ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी को फैबियानो कारूआना के हाथों हार का सामना करना पड़ा, जबकि ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को इंटरनेशनल मास्टर कैरिसा यिप से अप्रत्याशित हार मिली। इंटरनेशनल मास्टर लेवी रोज़मैन ने सागर शाह को हराया, जबकि युवा शतरंज खिलाड़ी ईथन वाज़ इंटरनेशनल मास्टर तानी अदेवुमी से हार गए।भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच में काले मोहरों से खेला, और अब वे भारत में होने वाले दूसरे लेग के रिटर्न मैच में सफेद मोहरों के साथ वापसी करने का लक्ष्य रखेंगे।

### चेकआउट इवेंट

- डी गुकेश और अर्जुन समेत सभी मैच हार गए
- अमेरिका ने पहले लेग में भारत को 5-0 से हराया।
- डी गुकेश को हिकारू नाकामुरा ने चौंकाया
- अर्जुन एरिगैसी और दिव्या देशमुख को ग्रैंडमास्टर और इंटरनेशनल मास्टर से हार।
- सागर शाह और ईथन वाज़ भी हारकर टीम को नुकसान



# सबालेंका और स्वियाटेक वुहान ओपन ड्रॉ में शीर्ष पर

## घरेलू खिलाड़ियों पर सबकी नजरें, बड़े मुकाबले तय

**वुहान 5 अक्टूबर.** वर्ष 2025 डब्ल्यूटीए वुहान ओपन के एकल वर्ग के ड्रॉ में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका और नंबर दो खिलाड़ी इगा स्वियाटेक को विपरीत हिस्सों में रखा गया है। शनिवार को जारी हुए ड्रॉ के साथ ही चीन के शीर्ष खिलाड़ी भी घरेलू मैदान पर अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे।

इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सबालेंका, स्वियाटेक और कोको गॉफ 1,000 रैंकिंग अंकों और 36.5 लाख अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। गत विजेता सबालेंका ड्रॉ के शीर्ष आधे भाग में शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं और उन्हें पहले दौर में बाई मिली है। दूसरे दौर में उनका सामना स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा या रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। उनके वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त एलेना रिबाकिना, जापान की चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका और चेक गणराज्य की उभरती हुई स्टार लिंडा नोस्कोवा भी शामिल हैं।

### चीनी खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व

स्थानीय पसंदीदा झेंग किनवेन ने चोट के कारण नाम वापस ले लिया है, लेकिन चीन का प्रतिनिधित्व मुख्य ड्रॉ में सीधे तौर पर झू लिन, वांग शिन्यू, युआन यू और अनुभवी झांग शुआई करेंगे। झू लिन का पहला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट से होगा, जबकि झांग शुआई का मुकाबला 14वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो से होगा।

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल ▸ **खेल मंत्री मनसुख मांडविया बोले— हर नागरिक रोज एक घंटा फिटनेस को दे**

# संतुलन जीवन का आधार फिटनेस से आता है

**नयी दिल्ली, 05 अक्टूबर** ।केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार सुबह मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 43वें संस्करण का नेतृत्व किया।

यह कार्यक्रम देश भर में 10,500 से ज़्यादा स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया ।इस फिटनेस मुहिम में दिल्ली के शिक्षकों, एथलीटों, फिटनेस प्रभावितों और युवाओं सहित एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया। इसमें ओलंपिक पदक विजेता अभिषेक नैन, भारतीय हॉकी टीम के एक प्रमुख सदस्य, शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी तानिया सचदेव, उभरते हुए भाला फेंक स्टार सचिन यादव और भारत के पुश-अप मैन कहे जाने वाले रोहताश चौधरी शामिल थे। इसमें शिक्षकों को समर्पित एक जीवंत नुक्कड़ नाटक, योग सत्र, रस्सी कूद, फिटनेस गेम्स और बच्चों के लिए भागीदारी क्षेत्र भी शामिल थे। इस अवसर पर डॉ. मांडविया ने इस पहल को एक सच्चा राष्ट्रव्यापी आंदोलन बताते हुए कहा, इस आंदोलन के माध्यम से, 10,500 से ज़्यादा स्थानों पर लाखों नागरिक हर रविवार को खुद को फिट रखने के लिए साइकिल चला रहे हैं। यह हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए फिट इंडिया विजन का उत्सव बन गया है।



उन्होंने कहा, अगर हर नागरिक शारीरिक गतिविधि के लिए एक घंटा भी समर्पित करे, तो भारत विकसित भारत के सपने की ओर और भी मजबूत, स्वस्थ और एकजुट होकर आगे बढ़ेगा। आज इस कार्यक्रम में कई शिक्षकों ने भाग लिया और छात्रों को जीवन में संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। साइकिल के पैडल हमें जीवन का सबसे बड़ा सबक सिखाते हैं कि हम संतुलन बनाए रखकर ही आगे बढ़ते हैं। यह संतुलन जीवन का आधार है और यह फिटनेस से आता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, योगासन भारत और माई भारत के सहयोग से आयोजित साइकिलिंग अभियान ने अब भारत के सबसे प्रभावशाली फिटनेस अभियानों में से एक के रूप में अपनी पहचान बना ली है।